# 171961 - दुल्हन की गाड़ी को फूलों से सजाने का हुक्म

## प्रश्न

क्या शादी के दिन दुल्हन की गाड़ी को फूलों से सजाना जायज़ है? ज्ञात रहे कि यह प्रथा हमारे देश में प्राचीन समय से चली आ रही है, क्योंकि इसे हमारे यहाँ प्रथागत (आम रिवाज) माना जाता है।

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

शादी के दिन दुल्हन की कार को फूलों से सजाने में कोई हर्ज की बात नहीं है। क्योंकि मूल सिद्धांत यह है कि ऐसा करना अनुमेय है, और यह उन चीज़ों के शीर्षक के अंतर्गत आता है जो दुल्हन और उसके पति और उनके परिवारों को खुशी देती है। लेकिन इसमें कोई फिज़ूलखर्ची नहीं करनी चाहिए ; क्योंकि अल्लाह तआला का फरमान है :

وَكُلُوا وَاشْرَبُوا وَلَا تُسْرِفُوا إِنَّهُ لَا يُحِبُّ الْمُسْرِفِينَ

الأعراف :31

“तथा खाओ और पियो और हद से आगे न बढ़ो। नि:संदेह वह हद से आगे बढ़ने वालों को पसंद नहीं करता।” (सूरतुल-आराफ़ : 31)।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।